संख्या-9-1009/86-2015-285/2013 टीसी(1)

प्रेषक,

गेन्दन लाल,

उप सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,

भूतत्व एवं खनिकर्म,

उ0प्र0 शासन।

भूतत्व एवं खनिकर्म अनुभाग लखनऊ दिनांक 23 मार्च, 2015

विषय- "वित्तीय वर्ष 2014-2015 के आय-व्ययक में प्राविधानित धनराशि से निदेशालय के विभिन्न विधाओं के लिए किये जाने वाले उपकरणों की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक भूतत्व एवं खनिकर्म, निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ के विभिन्न विधाओं के उपकरणों के क्रय करने हेतु वित्तीय वर्ष 2014-15 में आयोजनेत्तर मद में प्राविधानित धनराशि रू 204.00 लाख के सापेक्ष धनराशि रू0 2,03,90,756.00 कि शासनादेश संख्या-2502/86-2014-285/2013 टीसी, दिनांक 15.10.2014 द्वारा वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी है। निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या-3061/एस-609/14(भण्डारण), दिनांक 11.3.2015 एवं संख्या-3079, 3080/एस-598/14-15, दिनांक 12.03.2015 तथा संख्या-3100/एस-605/14-15, दिनांक 13.03.2015, के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति सहर्ष प्रदान करतें है :-

(धनराशि रूपये में)

क्र0 सं0	उपकरण	पूर्व में अनुमोदित मूल्य	संशोधित नवीन अनुमोदित मूल्य
1	जनपद ललितपुर के इकौना- दांगली क्षेत्र में प्लेटिनम समूह की धातुओं की सरकारी/बाहरी संस्था से 300 नमूनों का रू0 7,000 प्रति नग नमूने की दर रसायनिक विश्लेषण पर अनुमानित व्यय के स्थान पर राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद के रासायनिक विश्लेषण के अनुसार रू0 500.00 प्रति नग की दर से 420 नमूने	21,00,000.00	21,00,000.00
2	टोटल स्टेशन प्रिज्म/नान प्रिज्म 03	45,22,500.00	43,25,535.00
3	प्लान्ट Ao (44 इंच) बिथ स्कैनर Ao साइज (44 इंच) एवं स्टैण्ड उक्त प्लाटर हेतु 01 नग	15,00,000.00	10,65,819.00
4	प्लानी मीटर Planix Ex-601	2,25,000.00	2,95,000.00

http://shasanadesh.up.nic.in

क्रमांक-3 पर अंकित प्लान्ट Ao (44 इंच) बिथ स्कैनर Ao साइज (44 इंच) एवं स्टैण्ड उक्त प्लाटर हेतु 01 नग हेतु स्वीकृत धनराशि रू0 15,00,000.00 में से 70,000.00 को क्रमांक-4 पर प्लानी मीटर Planix Ex-601 के क्रय हेतु।

शासनादेश संख्या-2502/86-2014-285/2013 टीसी, दिनांक 15.10.2014 में उल्लिखित शर्ते/व्यवस्था यथावत रहेगी।

भवदीय,

(गेन्दन लाल)
उप सचिव।

संख्या:- 1009(1)/86-2015, तद्दिनांक:-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

(1) महालेखाकार लेखा परीक्षा (प्रथम/द्वितीय), उ0प्र0 इलाहाबाद।
(2) महालेखाकार लेखा एवं हकदारी (प्रथम/द्वितीय), उ0प्र0 इलाहाबाद।
(3) कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ
(4) वित्त नियंत्रक, भूतत्व एवं खनिकर्म, उ0प्र0 लखनऊ।
(5) वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-6
(6) वित्त (लेखा) अनुभाग-1/2/3
(7) निदेशक (सामग्री क्रय अनुभाग), उ0प्र0 कानपुर।
(8) अनुभागीय गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(गेन्दन लाल)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in